बुद्ध ने सभी मार्गो में प्रयत्न करके तप–व्रतों की सीमा को जान लिया है । उनकी अक्षमता को समझ लिया । उस स्थिति में ही उनको बोध वृक्ष के तले प्रज्ञान स्पष्ट हो गया । प्रज्ञान की स्पष्टता होता है तो होता ही रहता है ।

सभी शंकाएँ दूर होती हैं । सभी संग्रामों का अन्त आ जाता है । यह समझ बहुत दुर्लभ है । उस प्रकार के यह समझ अद्‌भुत और बहुत श्रेष्ठ होने पर भी – यह बहुत सरल है ।

सर्व साधारण है । आपसे और मुझसे आसानी से प्राप्त किया जा सकता है ।

ळळळळ

(41)

4. मुक्ति देनेवाला ''समझना ''

हमारे खोज के केन्द्र स्थान पर आए हैं ।

यह समझना वही है कि जिसको समझने से और किसी को समझने की आवश्यकता नहीं होती, जिसको प्राप्त करने से और किसी को प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं होती, जिसको समझने से एक की सभी शंकाएँ दूर हो जाती हैं ।

यह समझना प्राप्त होने से मुक्ति नामक छुटकारा या स्वतंत्रता हमारी हो जाती है ।

'' यह समझना '' बहुत सीधा सादा है ।

इसलिए सरल मनस्थिति में इसे हमें कार्यान्वित करना चाहिए । पहले अध्याय में हमारे भावनामन और अन्दरमन के बीच के संग्राम को देख रहे थे ।

हमारा अन्दरमन अपने स्वभावानुसार अनुभवों को प्राप्त करने की परिस्थिति के अनुसार देता है ।

हमारे भावनामन के नापसन्द भावनाओं और अनुभवों को भी हमारा अन्दरमन प्रकट करता है ।

हमारा अन्दरमन ऐसे कुछ अभिलाषाएँ और सिद्धान्त रखता है कि ऐसे ही होना है, ऐसे न होना है ।

पर ऐसे कोई सिद्धान्त अन्दरमन को नहीं है ।

(42)

अपने स्वभावानुसार ही अन्दरमन कार्यान्वित होता है । वह खुशी प्रकट करेगा तो वह भावना मन को पसन्द है । दुःख प्रकट करने पर नापसन्द करता है।

खुशीपूर्ण प्रदर्शनों को जारी रखने के लिए हमारा भावनामन पसन्द करता है । उसी समय दुःखपूर्ण प्रदर्शनों को दूर करने को पसन्द करता है।

यहाँ क्या घटी है ?

ऐसे रख लीजिए कि हमारा अन्दरमन चिन्ता या भय को प्रदर्शित करता है ।

यहाँ क्या होता है ?

हमारे अन्दरमन से प्राप्त दुःख और भय ही हमारे भावनामन के रूप में प्रकट होता है।

अब भावनामन ही दुःखी और भयभीत है । वह भावनामन ऐसे ही अपने को न स्वीकार करता है ।

खुद परिवर्तित होना चाहता है। सोचता है कि दुःख और भय बदलना है । अपनी भावना स्थिति के विपरीत ही वह मुटाव रखता है । इसलिए मुटाव सचमुच अन्दरमन और भावनामन के बीच नहीं होता है । भावनामन ही अपने आप मुटाव सहित है ।

भावनामन सोचता है कि खुद दुःख प्राप्त कर लिया है और भयभीत हो गया है । इसलिए वह अपने आप को सुधारने केलिए संग्राम करता है ।

(43)

अपने आप को शान्ति रखने के लिए संग्राम करता है ।

सचमुच भावनामन कर्त्ता नहीं है । भावनामन एक प्रकटित भाव है। एक अनुभव है ।

भावनामन खुद कर्त्ता मानकर अपने आप को सुधारने के लिए लड़ता है।

यहाँ थोडी देर ठहरकर हमें अपने मन के चाल चलन को और एक पहलु में देखना उचित होगा ।

दुःख या भय कैसे होता है ?

ऐसे रख लीजिए कि एक दुःखपूर्ण घटना घटती है ।

हमारी बहुत पसन्द एक कीमती चीज़ गुम हो गई है – ऐसे रख लें । हमारा मन दुखी होता है ।

वह कैसे होता है ?

हमारे बाहर जो घटना घटी वह हमें क्यों सताता है ?

आग को छूएँगे तो वह हमें दाहता है । दाहने से हमें पीड़ा होती है । दु:खपूर्ण घटना हमें कैसे मनोवेदना पैदा कर देती है ।

हम दूरभाष में बोलते हैं । कई सौ किलोमीटर के दूर पर रहनेवाले लोगों से बोलते हैं । हम कितने ही जोर से बोलने पर भी हमारी ध्वनि आधा किलोमीटर से ज्यादा दूर नहीं जाएगा । पर दूरभाष में बोलते समय आधा किलो मीटर भी एक है, हजारों किलो मीटर भी एक ही है ।

(44)

दूरभाष में बोलते समय हमारी बोली की ध्वनि विद्युत मैग्नेटिक (Magnetic) तरंगों में परिवर्तित होकर दूसरे कोने में पहुँचकर फिर से बोली की ध्वनि में बदलकर सुनाया जाता है ।

इसी तरह होनेवाली सब घटनाएँ मन के अंश में बदलकर हमारे मन से ग्रहण किया जाता है ।

पेड़ को पेड़ और फूल को फूल–ऐसे याद की तरंगों में बदलने के बाद हमसे समझा जाता है । ऐसे ही सभी सांसारिक चीज़ें मनोमय बनकर ही समझे जाते हैं ।

इसी प्रकार सभी घटनाएँ, याद की लहरों में परिवर्तित होकर मनोमय बनकर घटनाओं के स्तर हमसे समझा जाता है ।

ऐसी घटनाएँ समझे जाने पर अच्छाई, बुराई, चाहा, अनचाहा, खुशी देनेवाला – दु:ख देनेवाला – ऐसे

हमारा मन उनको बाँटता है ।

एक घटना को दु:खी घटना – ऐसे मन में समझने के कारण वह घटना दु:खी घटना होती है ।

ऐसे विपरीत रूप में तुरन्त सोचने लगता है कि ''वह घटना ठीक नहीं हैं, उसे ऐसे न घटना है, उसे ऐसे ही होने न देना है । उसे बदलना ही चाहिए ।

जब तक विपरीत पक्ष में कार्यान्वित होता है तब मन में तनाव ही लाता है । क्योंकि उपस्थित स्थिति को जरूर बदलने की एक स्थिति हमें पैदा कर देती है ।

(45)

एक चीज़ होने पर ऐसा सोचना हमारा स्वभाव है कि उस चीज़ को न होने देना। जब यह साध्य नहीं है तब मन को दबाव देता है ।

ऐसे उस चीज़ के न होने की सम्भावना होने पर भी, उसे तुरन्त हटा दिया जाए । उसे न होने देना – ऐसे भाव ही मन को दबाव देता है ।

इसी प्रकार – एक दुःखी घटना घटने की संभावना न होने पर भी कहीं यह घटती है तो – ऐसे विचार भी मन को दबाव देता है ।

जिस उदाहरण को हमने देखा उसे ही लेंगे ।

हमारी एक चीज़ गुम हो जाती है – ऐसे रख लीजिए ।

हमारी एक चीज़ गुम हो जाने की घटना – एक याद के रूप में हमारे मन में पंजी हो जाता है । उस स्थिति में –

ऐसे एक विपक्ष के सोच हममें पैदा होता है कि वह चीज़ न गुम हो जाता है तो ।

यह सच ही है कि वह चीज़ गुम हो गयी है ।

ऐसे सोचना सच्चाई से मुटाव होने का एक विपक्षीय कार्य है कि 'उसका गुम हो जाना मुझे पसन्द नहीं है । मैं उसका न गुम हो जाना ही चाहता हूँ ।

(46)

हमारे विपक्षीय चाह के अनुसार हल तत्क्षण ही प्राप्त न होता है। कुछ चाह तो अंत तक समाधान न होनेवाले हैं ।

इसलिए हमारे विपक्षीय विचार ही दुःख, भय, कोप जैसे अनचाही भावनाओं को प्रदर्शित करते हैं ।

घटना को न माननेवाले विपक्षीय विचार ही मनोदुःख के रूप में प्रकटित होते हैं ।

आगे हम क्या करते हैं ? हमारे मनोदु:ख भी हमें पसन्द नहीं हैं । हमारे भय, कोप, द्वेष ये भी हमें नापसन्द है ।

उनको न मानने का विचार उठता है ।

हमारे न मानने से दु:ख दूर होने के बदले और भी दृढ़ हो जाता है । ऐसे,

हमारे अस्वीकार करने की हमारी सभी अनचाही भावनाएँ दृढ़ हो जाती हैं ।

आगे, हम जहाँ से रवाना हुए वहीं आएँ । हमने क्या देखा ? हमने देखा है कि भावनामन खुद दु:खी हुआ समझकर, अपने आप भयभीत समझकर, अपने को सुधारनेवाले कर्त्ता के रूप में खुद सोचता है ।

सचमुच हमारा भावनामन कर्त्ता नहीं है ।

(47)

वह हमारे अन्दरमन ऊब आनेवाली एक भावना ही है ।

वह अन्दरमन से निकलकर भावनामन के रूप में बहकर फिर वह गायब होता है ।

भावनामन माने बहनेवाले एक झरना के जैसा है । वह बहता ही रहता है ।

हम ऐसे नियंत्रण से नहीं कर सकते हैं कि '' हमें ऐसी भावनाएँ ही आनी चाहिए, ऐसी भावनाएँ न आनी चाहिए ।'' हमारे इच्छानुसार भावनाएँ नहीं आती हैं ।

हमारे अन्दरमन के अनुसार ही भावनाएँ आती हैं । उसके स्वभावानुसार की भावनाओं को ही वह प्रकट करता है । भावनामन – अन्दरमन से बनाया गया एक रूप है । अपने आप को बदलने की स्वतंत्रता भावनामन को नहीं है ।

अपते आप बदलने के लिए संग्राम करने से ही वह अपने को दृढ़ बना देता है ।

हमारी भावनाएँ उत्पन्न होने के लिए हमारी इच्छाएँ कारण नहीं होती है ।

हमारी इच्छानुसार होनेपर इच्छित भावनाएँ ही होनी चाहिए । हमारी सब भावनाएँ परिस्थिति के अनुसार खुद उत्पन्न होकर खुद गायब हो जाती हैं ।

(48)

भावना कभी स्थिर नहीं होती है । भागने की स्वभाववाली है । हर एक क्षण में बदलनेवाली है । इसलिए – किसी भावना को हमें दूर करने की ज़रूरत नहीं है ।

किसी भावना को यह नहीं चाहिए ऐसे न मानने पर,

किसी भावना को यह चाहिए – ऐसे पकड़ लेने पर,

हम अपनी भावना के स्वाभाविक बहाव में रूकावट बनते हैं ।

या तो – खुद उत्पन्न होनेवाली भावनाएँ खुद दौड़ कर गायब होंगी ।

हमें उसे हटाने की आवश्यकता नहीं है । क्या यह सच है ?

यही व्यावहारिक सत्य है – इस बात को हमें बिना संदेह के समझ लेना चाहिए । इसे भी समझ लेना है कि हमारी भावनाओं को बदलने के लिए हमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है ।

इसका अर्थ पूछने पर – हमें अपनी भावनाओं को मन खोलकर स्वीकार करना है – आगे –

(49)

हमें प्राप्त करनेवाली भावना–स्तर और कोई नहीं है – इसे भी निर्णय करना है –

हमें ऐसी सरलता समझ में आना है कि हमें अपनी स्वाभाविक भावनाओं के अतिरिक्त और किसी भावना की प्रतीक्षा न करना है ।

ऐसे समझ लेते समय – हमें क्या हुआ है ?

हमारा भावनामन अपनी योग्यता को पहचानता है ।

अपने कार्य से विपक्षीय बन्धनों तथा प्रतीक्षाओं को छोड देता है। उस स्थिति में हमारे भावनामन को करने के लिए कुछ बाकी है क्या? भावनामन को करने के लिए कुछ भी न होने की स्थिति में अन्दरमन से निकलनेवाली

सभी भावनाएँ किसी रूकावट के बिना – भावनामन बनकर, दौड़कर गायब होती हैं । बिना रूकावट की भावना प्रवाह बनती है । आगे,

उसे भावना नहीं कह सकते हैं । भावना–प्रवाह ही उसे कहना है । उस स्थिति में हमारे अन्दरमन का गुण व स्वभाव भी बदलने लगते हैं । अब हमें पूछने के लिए और एक प्रश्न है ।

(50)

आध्यात्मिक दुनिया में हमें प्राप्त करने की किसी एक स्थिति है क्या ? हमारे योग–अभ्यासों तथा ध्यान–अभ्यासों से हम कुछ अपूर्व भावना–स्थिति प्राप्त कर सकते हैं ।

ये भावनाएँ कितना अद्‌भुत भी क्यों न हों भावनामन के दौड़ में ये भी गायब ही हो जाएँगी ।

कितनी श्रेष्ठ भावनाएँ होने पर भी ये थोडे ही काल स्थिर रहेंगी । फिर जैसे आए वैसे गायब होंगे ।

जो उत्पन्न होकर आते हैं वे सब गायब होते ही हैं । अनुभवों का नियम यही है ।

किसी एक अनुभव पर हम विश्वास रखेंगे तो वह हमारी मुक्ति को रोकता है । हमारा भावनामन जब–सभी भावनाओं को स्वीकार करके उनको स्थिर होने या गायब होने देकर सबको स्वतंत्रता देता है तो, तभी वह भी मुक्ति पाता है ।

मुक्ति माने प्रयासों से छुटकारा पाना है । भविष्यत काल से छुटकारा पाना है । मनमुटाव और संग्रामों से छुटकारा पाना है । इस मुक्ति पाने की स्थिति में –

(51)

हम अपने भय और दुःख के विपरीत कार्य न करेंगे । ऐसे ही – सुखों के पीछे भी नहीं दौडेंगे ।

ये सुख चाहें लौकिक हो या आध्यात्मिकता से संबंधित हो,

यह मुक्ति माने एक प्रकार की छूटकर दौडने की मनः स्थिति नहीं है। यह सभी भावनाओं को आसानी से, धैर्य से स्वीकार करने की मन स्थिति है।

'' यह मुक्ति '' – भावनाओं के सब विरोधी कार्य – छूटकर दौड़ने का कार्य ही हैं – इसे समझकर – सभी भावनाओं को प्रत्यक्ष सामना करके स्वीकार करने का धैर्य है ।

यह मुक्ति सभी भावनाओं के लिए हमारे मन खोलकर, फैलाकर खुला रखना ही है । यही समझना है ।

मुक्ति देनेवाला समझना है ।

यह समझना बहुत सरल है । – यहाँ और एक विषय भी मुख्य है । यानी –

हम समझ लिए हैं – इसे भी समझना है ।

समझना ही काफी नहीं है ।

(52)

समझ लिए हैं – इसे भी समझना है ।

उन दिनों में आचार्यों को '' गुरूनाथ '' कहते थे । प्रज्ञान का विवरण देने से उनका काम नहीं खतम होता है । गुरू की सच्चाई को स्पष्ट रूप में बताने पर – शिष्य के समझने की स्थितियाँ – '' तुम समझ लिए हो – ऐसे इस जानकारी को कायम करना भी आचार्य का काम है ।

ज्ञान माने क्या है ? – इसे एक, मनुष्य सिर्फ़ समझना ही काफी नहीं है । ज्ञान माने क्या है – इसे समझ लिए हैं – इसे भी समझना है ।

योगवाशिष्ट में ऐसी एक कथा कहा जाता है :–

एक व्यक्ति चिन्तामणि नामक कीमती हीरा की खोज़ में जंगल में गए । जिसने उसका विवरण दिया, उसको एक चेतावनी भी दी है । '' चिन्तामणि बहुत अपूर्व पत्थर है । तुम्हें भाग्य होने पर ही मिलेगा । ऐसे तुझे मिलने का भाग्य होने पर भी तुरन्त नहीं मिलेगा । अथक परिश्रम से, मासों वर्षों तक भी ढूँढना पड़ेगा । तुम्हारे सहनशीलता और अथक परिश्रम के कारण ही वह चिन्तामणि पत्थर तुझे मिलेगा'' । इस चेतावनी को सुनने पर भी वे थके बिना धीरज़ धरकर जंगल जाते हैं । वे ऐसे मनोवैराग्य से उस चिन्तामणि की ढूँढ निकाले बिना नहीं लौटूँगा कहकर उसे ढूँढने लगते

हैं । भाग्यवश वह अपूर्व चिन्तामणि पत्थर उसके ढूँढने के आरम्भ में – आधे घण्टे में ही उनको मिलता है ।

(53)

पर उनको यह विश्वास न था कि उनको जो मिला वह चिन्तामणि ही है । ये ऐसे सोचने लगे कि वर्षों तक ढूँढने पर भी न मिलनेवाला वह अपूर्व चिन्तामणि पत्थर कैसे आधे घण्टे में मिलेगा ? इतने शीघ्र मिलने के कारण वह 'चिन्तामणि' नहीं हो सकता हैं । ऐसे सोचकर उसे फेंककर दूसरे 'चिन्तामणि' पत्थर की खोज में निकल पड़े । यही वह कहानी है ।

समझने के नाम से हमने किसे खोज़ लिया – वह ही मुक्ति प्रदान करनेवाला समझना है ।

पर हम अधिक प्रतीक्षाओं के साथ रहने के कारण उसे खोकर लाँघने की आपत्ति भी है। इसलिए हमें उसे परीक्षा करके साबित करना है – एक छोटा सा उदाहरण ।

ऐसे रखिए कि मेरे हाथ में बिना भार की एक थैली को तरकारियाँ खरीदने ले जाता हूँ । उस थैली की सिर्फ हैडिंल ही भारी है । तरकारी खरीदते समय ही मालुम हुआ कि थैली कहीं छूटकर गिर गई है । वह थैली भारी नहीं है । इसलिए उसका नीचे गिरना – मुझे पता नहीं था । पर तरकारी खरीदने के बाद मुश्किल से उसे ले जाने पर, वह गिरता है तो वह तुरन्त मालुम हो जाएगा । क्योंकि भोज मालूम है । वह भोज अचानक न होने पर तुरन्त हमें मालुम होता है ।

(54)

इसीलिए आध्यात्मिक शास्त्रों में कहा जाता है कि दुःख और चिन्ता हमें सीधे सत्य की ओर ले जाते हैं । दुःख और चिन्ता हमें वेदना रूपी भोज दे देते हैं।

समझने के ज़रिए हम मुक्ति पाते समय दुख और चिन्ता गायब हो जाते हैं । बिना भोज के भाव आता है।

हममें जो परिवर्तन हुआ है उससे हम अपने समझने की शक्ति और मुक्ति का प्रदर्शन साबित कर सकते हैं ।

प्रत्येक क्षण में हम किसी एक भावना के साथ रहते हैं । किसी एक भावना आती है । फिर वह गायब हो जाती है और एक भावना आती है । फिर वह भी गायब होती है ।

ऐसे एक झरने के जैसे हमारी भावना भी प्रत्येक क्षण में भावना के झरने के रूप में बहता रहता है ।

हममें जो भावनाएँ आती जाती हैं उनमें ज्यादातर, साधारण बिना मुख्यत्व की भावनाएँ होने के कारण उनका आना जाना, हम इनको उतना ध्यान में न लेते हैं ।

पर हममें अनुभव की भावना चिन्ता के रूप में या किसी एक मनोवेदना के रूप में होने पर हम उन्हें न देखे बिना ऐसे वैसे न लेते हैं ।

उसकी वेदना ही हमारे ध्यान को खींचता है ।

(55)

दौड़कर जाना ही हमारी भावनाओं का स्वभाव है । सब चलते रहते हैं । हमारे विचार भी चलता रहता है ।

अन्य भावनाओं को उनकी गति में छोडने के जैसे हमारे दुःख व चिन्ताओं को उनकी गति में जाने देना आसान नहीं है । 'समझ' होने पर ही वे अपने आप चलने लगेंगे । हमारी वेदना भी चलने लगेगी । पीड़ा भी चलने लगेगी । पीड़ा और वेदना चलने–लगने पर – हमें मालूम होता है कि हम मुक्ति पा लिए हैं ।

हमें जो समझना हुई है वह सच्चा समझना भी निश्चय होता है । क्योंकि वह समझ होने पर ही साध्य होता है कि हमारी सभी चिन्ताएँ अपने आप दौड़कर गायब हो जाती है ।

यही श्रेष्ठ समझ है कि जो समझ सब को चलने–जाने अनुमति देती है, वही ज्ञान की समझ है ।

ज्ञान माने सबको चलने के लिए अनुमति देनेवाला है ।

हमारी भावनाओं को जाने केलए अनुमति देना ही ज्ञान की स्थिति है ।

ज्ञान की स्थिति माने किसी एक अनोखी अनुभव–स्थिति है – ऐसे हम कल्पना करें तो वह हम अपने आप को धोखा देना ही है ।

यह अज्ञान है कि कितने भी श्रेष्ठ अनुभव क्यों न हो उसे कायम रखना है । सबको जाने देना ही ज्ञान – स्थिति है ।

(56)

कोई ज्यादा चिन्ता से रहें तो अपने भावनामन को स्वतंत्र रूप में क्रियान्वित करने से – अपनी चिन्ताओं से छूट जाते हैं । इसलिए वे, खुद समझ लिए हैं – इसे समझते हैं ।

इसी प्रकार – जब एक मनुष्य आध्यात्मिकता में रूचि और लगन रखता है तभी वह निश्चय कर सकता हैं कि मैंने इस 'समझ' को समझ लिया है ।

तब भी इस समझ को निश्चय कर सकते हैं कि जब मुक्ति प्राप्त किए ज्ञानियों से प्रत्यक्ष बातचीत करके स्पष्टता पाते हैं ।

यह समझ – निश्चय करने की स्थिति में निरंतर रूप में आपका होता है ।

(57)

5. भावनाओं का विकास

हमने देखा है कि हमारे अन्दरमन के प्रदर्शन ही हमारी भावनाएँ हैं । ऐसे मान लीजिए कि एक गलत कार्य करने के लिए हमारा अन्दरमन भावनाएँ प्रकट करता है । हमें क्या करना है ? हमने प्रतीक्षा किया है कि हमारी भावनाओं को ऐसे ही स्वीकार करना है । भावनाओं की प्रेरणा से गलत कार्य करेंगे क्या ?

हम अपने दोस्त के साथ उनके परिचित व्यक्ति के घर जाते हैं । वहाँ हाल में बातें करते करते चाय, बिस्कुट खाते हैं । बिस्कुट पाकेट की कागज को जब कूडेदान में डालने हम जाते हैं तो सिर्फ हमने ही देखा कि उसमें एक हीरे की अंगूठी गिर पडी है । हमारी इच्छा कई हजार रूपये वाले कीमती अंगूठी पर जाती है । अगर हम उसे लेते हैं तो भी देखनेवाला कोई नहीं। आगे उस घर का मालिक भी करोडों रूपयों के अधिपति हैं । वे भी खोई गई अंगूठी को अनदेखा करेंगे । हमें जो भावना हुई उसे ही स्वीकार करके–उस अंगूठी को लेकर अपनाएँगे क्या ?

भावना केवल हमारी होने पर भी हमारा कार्य कई लोगों से सम्बन्धित है ।

(58)

इसलिए हमें कई पहलुओं को ध्यान में लेना है । कई लोगों के साथ हम इस समाज में रहते हैं । हर एक को विविध प्रकार के इच्छा–द्वेष होते हैं । जीवन की रीतियाँ होती हैं । प्रत्येक मनुष्य सिर्फ अपने–अपने चाह और जीवन की सुविधाओं के लिए मुख्यत्व दे सकते हैं ।

इस स्थिति में एक दूसरे से संबन्ध रखने में मनमुटाव होना सहज ही है । एक ही चीज़ को पाने के लिए कई लोगों का सामना करना सम्भव ही है । वह स्पर्धा न्याय होने पर भी स्पर्धा, स्पर्धा ही है । इस स्थिति में – समाज को चलाने के लिए न्याय, धर्म और शील की आवश्यकता है ।

सब उसे सम्मानित कर देने पर ही एक सामाजिक जीवन हलचल के बिना चलता है ।

सब अपने मन पसन्द मार्ग पर जाने के लिए अनुमति देंगे तो हम जंगली जीवन पर जाएँगे ।

जब हम बहुत बड़े रास्ते पर प्रवेश करते हैं तो रास्ते सम्बन्धी विधि–नियमों को स्वीकार करना चाहिए । या तो हमें समस्याएँ आएँगी । दूसरों को भी समस्या हो जाएगी ।

(59)

हमारी भावनाएँ तो पहले ही हमारे देखने के अनुसार शरीर से प्रकट होनेवाली ही हैं । ये हमारे शरीर में प्रकट होकर गायब होती हैं । उनको हम अपने शरीर व मन से ही समझ सकते हैं । ये सब हमारे अन्दर ही होनेवाली क्रियाएँ हैं ।

हममें भय, द्वेष, कोप या चिन्ता जैसी भावनाएँ हो सकती हैं । इसके संबन्ध में हमें कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है । उनके विपरीत अगर हम कुछ करने का प्रयास करेंगे तो हममें संग्राम और समस्याओं को आमन्त्रित करना ही है ।

पर, इसी विधियों को हमारे बाहरी कार्यों के लिए मत लाना है ।

दोस्त के घर में हमें अंगूठी पर जो अभिलाषा आई, वह गलत नहीं है । वह हमारे स्वभाव का प्रदर्शन ही है ।

उस अंगूठी को हम उठा लेंगे तो वह गलत है ।

रास्ते में जाते समय एक बच्चा गलत ही ट्राफ़िक में प्रवेश करना देखते हैं । हमें उसकी सहायता करके उसे बचाकर रिश्तों से सौंपना ही ठीक है । जो भी जैसी भी होती है उसे वैसे ही स्वीकार करें – ऐसे चुप रहना ठीक नहीं है ।

बाहरी कार्यों को बाह्य परिस्थितियाँ ही निर्णय करनी है ।

एक अमुक परिस्थिति में एक बुद्धिशाली न्याय व्यक्ति कैसे बर्ताव करेगा वैसे करना ही ठीक है ।

(60)

परिस्थितियों को बदलना आवश्यक हो तो उसे बदलने का प्रयास करना ही ठीक है । परिस्थिति को ऐसे ही स्वीकार करना ठीक नहीं है । बुरी परिस्थिति को निरन्तर बुरी परिस्थिति में रहने देना ठीक नहीं है । पर सिर्फ हमारी भावना मात्र सम्बन्धित हो तो वही हमारा स्वभाव है – ऐसे उसे स्वीकार करना ही ठीक है ।

हमें बदलनेवाले किसी जिम्मेदारी को हमें स्वीकार करने की आवश्यकता नहीं हैं । ठीक है,

हमारी भावनाएँ और बाहरी आचार एक दूसरे से सबंन्धित होने पर – हमें कैसे बर्ताव करना है ?

उदाहरण के लिए – पड़ोर्सीवाले के बुरे आचरण से हमें क्रोध होता है । हम क्या करेंगे ? उससे झगडा करेंगे ?

क्रोध स्वाभाविक है । उसे हमें स्वीकार करना ही है । क्रोध के विपरीत हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं । वह सिर्फ हम में ही होनेवाली भावना है । उसे हममें पूरा का पूरा स्वीकार करना ही चाहिए । वैसे होने पर क्या हमें अपने पड़ोसीवाले से झगड़ा करने का अर्थ है ?

(61)

नहीं । ऐसा नहीं है । पड़ोसीवाले से जितना हो सकता है उतना उसके अनुकूल ही रहना चाहिए । जितना हो सकता है उतना सभी से अच्छी रिस्ते से बर्ताव करना ही श्रेष्ठ है ।

परिस्थितियों के अनुसार सामाजिक आचरणों व विधि विधानों को सम्मानित करके आचरण करना ही ठीक है ।

पर हमें अपनी आन्तरिक स्थिति के किसी आचरण या विधि विधानों का अनुकरण करने की आवश्यकता नहीं है । उदाहरण के लिए,

कई मंजिलोंवाले इमारत के उपरी मंजिल पर खडे रहते हैं । ऐसे रख लीजिए कि अगर हम यहाँ से नीचे गिरेंगे तो क्या होगा – ऐसा विचार हमें होता है ।

उसे हम क्या क्रियान्वित करके देखेंगे ?

ऐसे विचारों को पार कर बादलों और हवा की तरह हट जाएँगे । उसे कार्यान्वित करके नहीं देखेंगे ।

इसी तरह हमारी सभी भावनाएँ पार कर जानेवाले बादल ही हैं । पार करके जानेवाली भावनाओं से हमें गले बाँधकर संग्राम करने की कोई आवश्यकता नहीं हैं ।

(62)

ये रहने के लिए चाहना या न रहने के लिए चाहने पर, हम उन्हें न सताने के पक्ष में – वे अपने आप आकर, खुद गायब हो जाती हैं ।

पर – हमारे बाहरी आचरणों के पक्ष में जो ठीक हैं, अच्छे हैं उसे ही करना चाहिए ।

उनकी ओर से अच्छाई–बुराई होता है । ठीक या गलत होता है ।

प्रत्येक को अच्छे और ठीक कार्य करने का कर्तव्य है ।

हमारी भावना की ओर में हमें अपनी भावनाओं को सीधा करने का कर्तव्य नहीं हैं । ठीक भावना, गलत भावना या बुरी भावना ऐसे कुछ भी नहीं है ।

सच में, पार कर जानेवाली भावना ही है।

वे अपने आप आकर खुद चली जाती हैं ।

उनके विपरीत संग्राम करें तो हम जीवन भर संग्राम करने पर भी वे खतम न होते हैं ।

हमारी सभी भावनाएँ – समान ही हैं – एक ही जैसी हैं । ऊँची भावना या नीची भावना – ऐसे कुछ भी नहीं है ।

(63)

उसी प्रकार साधारण भावना या दैविक भावना – किसी का श्रेष्ठ मुख्यत्व नहीं है ।

सभी भावनाएँ हमारी शारीरिक भावनाएँ ही है, पार कर जानेवाली तात्कालिक भावनाएँ ही हैं ।

उनमें किसी को ठीक है या गलत है – ऐसे हम चुनेंगे तो समस्याएँ न बन्धन होनेवाली हैं । नासमझ भी न रूकनेवाली है।

सभी आध्यात्मिक भावनाएँ निश्चय ही दैविक हैं । संदेह नहीं है । उन्हें वैसे ही रहने देंगे । वे भी आएँगे, जाएँगे । जो आएँगे वे खुद आएँ, खुद गायब हो जाएँ ।

हमें किससे सावधान रहना है कि, जो साधारण भावना या दैविक भावना हो, उनपर आसक्ति न रखना है ।

ऐसे हम उनपर आसक्ति न करें तो क्या होता है ?

इस स्थिति में हमारी मानसिक क्रिया के नींव पर ही परिवर्तन होता है।

यह हमारी चाह का परिवर्तन नहीं है ।

फिर भी वहाँ एक परिवर्तन होता है ।

वैसा परिवर्तन करना भी उसका स्वभाव है ।

(64)

वैसे न होकर हम अपनी भावनाओं से मनमुटाव करें तो ऐसे आधारभूत परिवर्तन होने की संभावना भी न हुआ होगा ।

अच्छा या बुरा – ऐसे हम अलग देखने की आदत रखने के कारण हम ऐसे कर लिए हैं कि अपनी भावनाओं को ऐसे अलग करके देखकर सच्चा परिवर्तन न होने देते हैं ।

पर उसका सत्य क्या है – वैसे द्वेष करने योग्य भावनाएँ ही हमारे स्वभाव होते हैं । जो स्वभाव हैं उन्हें हम न मानते हैं । ऐसे न मानने के कारण हम खुश होते हैं कि अच्छे प्रयास किए हैं । सच में अच्छे प्रयास की ओढ़नी से हममें जो सच्ची भावनाएँ हैं उन्हें ढ़कते हैं ।

इससे उसे आधार भूत परिवर्तन करने से हम ही रोकते हैं ।

हमारी भावनाएँ हमें अनचाहा प्रतीत होंगी ।

बाह्य रूप घृणापूर्ण होगा। पर उनको अपने आप हम पैदा होकर गायब होने की जगह देंगे तो हमारा मन दूसरी पहलु में आ जाएगा ।

(65)

हमारी भावनाओं से लड़कर उनको अच्छे बनाने के प्रयत्न करें तो हमारा जीवन ही संग्राम हो जाएगा । हमारी भावनाओं को किसी परिवर्तन के बिना वैसे ही स्वीकार करना ठीक है ।

ऐसे समझना ही ठीक समझ होगा ।

इससे जो भावना है उसे चले जाने की अनुमति देते हैं ।

सभी भावनाएँ प्रवाह करके दौड़कर गायब होती हैं । हमारी समझना भी निश्चित होता है ।

इस समझ में निश्चित एक मनुष्य का पूरा जीवन ही – एक भावना प्रवाह के रूप में, नाम देकर न पुकारनेवाले अंश में बनते हैं । उसका आरम्भ नहीं है । अन्त भी नहीं है । वह एक बिना अन्त का प्रवाह है ।

(66)

6. मुक्ति

आध्यात्मिक दुनिया के बारे सोचेंगे तो, वहाँ बताने वाले अपूर्व सिद्धियाँ व अमानुष्य शक्तियों के बारे में सोचकर देखे बिना नहीं रह सकते हैं ।

कई महानों के जीवन के इतिहास, उनके जीवन में प्रदर्शित किए अद्‌भुतों के बारे में हमने पढ़ा है।

ये सब क्या ? पहले ही हमारे देखने के अनुसार, – हमारी आन्तरिक मन अद्‌भुत शक्तियों तथा कई प्राकृतिक रहस्यों को अपने में रख लिया है।

हम अपने योग, अभ्यासों द्वारा तथा ध्यान रीतियों द्वारा उस आन्तरिक मन में प्रवेश कर सकते हैं ।

उस स्थिति में, वैसे कई अपूर्व शक्तियों को हम अपने वश में ला सकते हैं।

आपको और मुझे वैसी अद्‌भुत शक्तियाँ होने पर क्या होगा ?

कई लोग हमें अद्‌भुत घटनाएँ प्रदर्शन करनेवाले के रूप में देखेंगे ।

पर – वैसी अपूर्व शक्तिवाले एक मनुष्य का ज्ञान विकसित होने की जरूरत नहीं है । ज्ञान स्थिति न पाने की स्थिति में वैसी अद्‌भुत शक्तियाँ प्राप्त करने की संभावनाएँ हैं ।

(67)

ज्ञान विकसित होना एक है; अद्‌भुत शक्तियाँ पाना दूसरा है । ज्ञान विकसित हुए लोगों को ऐसी शक्तियाँ प्राप्त होती हैं ; या न भी होती हैं ।

पर, मूल स्थिति में वे सब से मुक्ति पा लिये होंगे ।

वैसी अद्‌भुत शक्तियों को प्राप्त होना ही चाहिए – ऐसी कोई आवश्यकता नहीं है ।

सच में वे, किसी एक स्थिति को चाह कर खोज किए बिना, – जीवन में न अन्त होनेवाले जीवन के रूप में प्रवाह करते रहेगा ।

उसको किसी एक को पकड़कर अपनाने की आवश्यकता भी नहीं हैं।

उसी समय कुछ बातों को अपने से दूर रखने की भी आवश्यकता नहीं है, जरूरत नहीं है ।

वे प्रवहित होकर चलते रहते हैं ।

उसी तरह – उनके साथ सभी प्रवहित होकर दौड़–जाने को भी वे अनुमति देते हैं ।

वह एक स्वतंत्र कार्यक्रम है ।

इस के सम्बन्ध में एक छोटी सी कहानी है ।

(68)

एक आदमी धनराशी की खोज में जंगल में घूम रहा था । उसने सुना है कि जंगल के किसी भाग में धनराशी है पर उसके बारे में ठीक परिचय न प्राप्त किया । इसलिए वह कई जंगलों में घूमता फिरता है ।

वैसे कुछ भी न प्राप्त कर, थककर घूमते समय, एक पेड़ के नीचे एक मुनि को देखा । उनसे धनराशी के बारे में कुछ मालूम है क्या ?– ऐसा पूछा । उन्होंने भी मुस्कराकर चाँदी के सिक्के पड़े गये स्थान को दिखाया ।

उनके कहेनुसार चाँदी की सिक्कों को ले लिया । धन्यवाद कहने जब उस मुनि के यहाँ गया तब उनसे पूछा '' क्या और कोई धनराशी हैं ?''

मुस्कराकर मुनिवर ने भी सोने के सिक्कों की जगह को दिखा दिया । वह भी खुशी होकर सोने की धनराशी लेकर फिर से धन्यवाद कहने आया । मुनिवर से उसने पूछा कि क्या इससे भी श्रेष्ठ धनराशी है ? मुनिवर ने भी हँसते हुए उसको हीरे की धनराशी को दिखा दिया । वह भी उसके कहेनुसार जाकर हीरे की धनराशी को ले लिया । तभी उसको एक प्रश्न उदित हुआ ।

(69)

राजा भी उसका दास बनने की परिस्थिति आ जाएगी । आदर और सम्मान बहुत ऊँचा हो जाएगा।

सभी को प्रदान करनेवाले हैं ये धनराशी । फिर भी इसके बारे में जानने पर भी इस मुनि ने इन्हें लेकर क्यों अपनेलिए उपयोग नहीं किया ?

यह प्रश्न उसको सूझा । उसने उसके बारे में मुनि से पूछा ।

मुनि हँसते थे । फिर कहने लगे, '' इससे भी श्रेष्ठ राशी का भण्डार मेरे पास है । उसे पाने के बाद दूसरी चीज़ नहीं चाहिए । जिसने उसे पा लिया उसने सब को पा लिया। उसके अतिरिक्त वे और कोई भण्डार या योग्यता पाने पर भी वे और भी चाहनेवाले ही होंगे । उनकी चाह पूर्ण नहीं होती है । सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने वाली राशी है प्रज्ञान नामक ''मुक्ति'' ।

मुक्ति ही सच्ची धनराशी है । वही आध्यात्मिक दुनिया की श्रेष्ठ स्थिति है ।

सिद्धियाँ, शक्ति का प्रदर्शन ऊँचे आध्यात्मिक अनुभव की भावनाएँ – उससे देखी गई धनराशी की जैसी हैं । वे बहुत श्रेष्ठ हैं । शंका नहीं है।

साधारण रूप में न मिलनेवाला एक अपूर्व भावना है । संदेह नहीं है । इसमें कुछ भी संदेह नहीं है कि आम मनुष्य जितना पाता है उससे भी हजारों गुणा श्रेष्ठ है ।

(70)

पर – वह कितनी भी ऊँचा अनुभव या शक्ति भी क्यों न हो – सबको न प्राप्त करने के जैसा है।

ज्ञान मुक्ति पाना ही सबको पाने के समान है । उसी स्थिति में उसके सब संदेह और भ्रम दूर हो जाते हैं ।

वह मुक्ति माने सबको पाने की स्थिति नहीं है । वह सब बन्धनों से छूटने का है ।

– वह प्राप्ति चाहे लौकिक हो या अलौकिक – दैविक हो, किसी में न स्थित होनेवाली, होश में होनेवाली स्वतंत्रता है ।

उस मुक्ति में सब–प्रवाह बनकर प्रवहित होते हैं । मैं रूपी भावना के बारे में हम क्या जानते हैं ? वह अक्सर बुरा ही कहा जाता है । मैं माने अहंकार नाम से निन्दा किया जाता है । ऐसे कहा जाता है कि एक को बिना गर्व के रहना चाहिए ।

इसी प्रकार एक को बिना ममकार के रहना चाहिए – ऐसे भी कहा जाता है ।

अहंकार – ममकार माने क्या है ?

अहंकार माने मैं कहकर अपने आप को ही प्राधान्यता देने का भाव है । मैं रूपी भाव को हम सदा महसूस करते रहते हैं । बिना मैं रूपी भाव के समय ही नहीं है ।

(71)

' आप घर में कब न होते हैं ? आप घर में कब होते हैं ?' ऐसे पूछ सकते हैं ।

उसी प्रकार – 'आप दफ़्तर में कब होते हैं ? कब दफ़्तर में न होते हैं ? – ऐसे पूछ सकते हैं । पर – 'आप कब न होते हैं ?' क्या ऐसे पूछ सकते हैं आप जिस जगह पर होते हैं, उस जगह पर आप होते हैं ।

गहरी नींद में ही अहं का भाव न होता है । नींद में भी स्वप्न आने पर वहाँ भी मैं आ जाता है । मैं माने हमारी भावना और विचार का एक मिश्रित अनुभव है । हमारे विचार होने तक मैं रूपी भावना होती ही रहती है ।

बिना स्वप्न के नींद में विचार न होने के कारण वहाँ मैं नहीं होता है।

हमारे याद ही हमें 'हम ही मैं' ऐसे प्रदर्शन करता है । मुझे देखनेवाला और सांसारिक चीज़ों को दिखाई देनेवाली चीज़ों के रूप में प्रदर्शन करता है ।

किसी एक सोच को लेने पर उसमें दो भाग होते हैं । एक देखनेवाला दूसरा दीख पड़नेवाली चीज़ है ।

(72)

इन दोनों अंशों के बिना सोच नहीं है । यह देखनेवाले के रूप में हमें दिखाता है । दिखाई देनेवाली चीज़ के रूप में दुनिया को दिखाता है । दोनों एक ही सोच में समानेवाले भाग हैं ।

हम सोते समय स्वप्न देखते हैं । सोते समय होनेवाले सोच का नाम ही स्वप्न है । हमारे स्वप्न का पूरा पूंजी हमारा सोच ही है ।

हमारे स्वप्न में देखनेवाला ''मैं'' होगा । दीख पड़ने वाला संसार होगा । दोनों पूरा का पूरा हमारे सोच ही हैं ।

स्वप्न में हम देखते हैं कि हम अस्वस्थ हैं । हमारे रिश्ते हमें अस्पताल ले जाते हैं, कई वैद्य हमें चिकित्सा देते हैं । यहाँ अस्वस्थ मैं माने हमारे सोच ही है । हमारे रिश्ते, अस्पताल, वैद्य सब हमारे सोच ही हैं। सोच ही सब के रूप में है ।

हम अपने प्रतिदिन के जीवन के यथार्थ में जब भाग लेते हैं तब भी ऐसा ही होता है । हमारा सोच ही हम पर और संसार पर प्रतिबिम्बित होकर हमें दिखाता है । संसार को भी दिखाता है । हमें मैं रूपी देखनेवाला और संसार को दिखाई देनेवाली चीज़ के रूप में दिखाता है ।

हमारे सोच के और एक अंश को भी हमें समझ लेना चाहिए ।

हमारा सोच अचल चित्र के जैसे (Still Photo) एक ही सोच के रूप में न स्थित होता है ।

धूमेनावृत धूम के जैसी

प्रत्येक क्षण में आनेवाले नये नये धूम के जैसे –

(73)

हमारे सोच और प्रत्येक क्षण में होनेवाले नए–नए सोच आते रहते हैं ।

सिनेमा फिल्म के पक्ष में देखने पर प्रत्येक फिल्म में एक दृश्य खण्ड खण्ड में अलग होता है । वह क्रम में आते समय अलग–अलग, खण्ड–खण्ड दृश्य के जैसे न होकर वह एक जारी रखनेवाली घटना के समान दीख पड़ती है । किसी एक दृश्य ही (Still) स्थिर दृश्य होने पर चित्र न क्रियान्वित होकर रूक गया है – ऐसा अर्थ होता है ।

हमारे सोच सिनेमा फिल्म के जैसे क्रम से आता रहता है । किसी एक गड़बड़ से स्टिल (Still) दृश्य ही आने के जैसे हमारा सोच कभी भी स्टिल–दृश्य न देता है । हर एक क्षण में सोच नए–नए आ जाते हैं ।

पर नए–नए आनेवाले सोच में होनेवाला दर्शक नाम 'मैं ' ही – न बदलनेवाला ' मैं' के रूप में–हम सोचते हैं ।

देखेनेवाले को सृष्टित सोच जैसे प्रत्येक क्षण में नया–नया होता है वैसे ही उससे सृष्टित किया गया दर्शक नामक मैं भी

– प्रत्येक क्षण में नया–नया ही हो सकता है ।

पर हम ऐसे नहीं सोचते हैं । हम सोचते हैं कि एक ही 'मैं' शाश्वत होकर वैसे ही रहता है । हमारा सोच हमें एक नाम–रूपवाला व्यक्ति के रूप में दिखाता है । इससे हम अपने को नाम रूपवाला व्यक्ति समझते हैं ।

(74)

हमारे सोच दिखानेवाले सब दृश्य तात्कालिक हैं । वह ही नहीं हैं । दिखाई देनेवाली चीज़ से संबन्धित एक प्रकार का विपरीत अंश है ।

वैसे होने पर ?

हमें मालूम है कि पाठशाला में छात्रों को परीक्षा में अंक दिया जाता है । याने मान लीजिए कि गणित में 80, अंग्रेजी में 60, तमिल में 90, ऐसे अंक दिया गया है । उसका अर्थ क्या है ?

80 माने 80 को ही नहीं संकेत करता है, 80 माने 100 पर 80 हैं 90 माने 100 पर 90 हैं ऐसे संकेत करता है । बाह्य रूप में 80 कहने पर भी वह 100 भाग को दूसरी ओर से दिखाता है ।

– इसी प्रकार, मैं नामक दर्शक, दिखनेवाली चीजों को उपयुक्त दर्शक '' मैं '' के रूप में रहता है । यानी–आप अपनी माँ को माता के रूप में दर्शन करते समय, आपको उनके पुत्र के रूप में मानते हैं ।

मेरे बच्चे को बेटे के रूप में देखते समय, मुझे मैं उसके पिता के रूप में मानता हूँ ।

ऐसे दिखाई देनेवाली चीज़ से एक प्रकार का विपक्षीय बन्धन का अंश हम अपने आपको अपने सोच के द्वारा बनाते हैं ।

हम जिस परिस्थिति के पक्ष में हैं उससे संबन्धित सोच प्रत्येक क्षण में नये–नये रूप में होने के कारण –

(75)

उससे संबन्धित 'मैं' रूपी अंश, प्रत्येक क्षण में नये – नये बनते हैं । हमारे सोच दिखाने वाला – 'मैं' तात्कालिक है ।

हमारी यथार्थ स्थिति हमारे सोच के वश में नहीं है । बन्धन में नहीं है । पर हमारा सोच हमें एक सीमा के अन्तर्गत होने के जैसे दिखाता है । इससे ही ऐसे सोचते हैं कि हम अपने आपको एक सीमा के बीच के, एक स्वभाववाले के जैसे हैं ।

ऐसे हम अपने को एक सीमा के अन्तर्गत न रखें तो, हम हमेशा सीमाओं तथा स्वभावों के बीच न होकर रहते हैं ।

सीमारहित, अवर्णनीय, अखण्ड ही हमारा स्वाभाविक अंश है ।

यहाँ हमें इसे समझना है कि ' मैं ' तात्कालिक है दर्शन देनेवाली चीज़ का अंश है, उत्पन्न होकर गायब होनेवाला है, परिवर्तन होनेवाला है ।

ममकार माने मेरा – ऐसा अर्थ है ।

किसी एक चीज़ को यह मेरा है ऐसे बताने पर वह ममकार है ।

मेरा घर है । मेरा बच्चा है । ये सब ममकार है । सिर्फ़ अपने आप को अकेला दिखाना अहंकार है । दूसरों से हमें अलग करके अकेला दिखाना अहंकार है।

(76)

पर हमें किसी एक चीज़ से संबन्ध दिखाना ममकार है ।

सचमुच ''मैं'' एक निरर्थक भावना है । ममकार ही उसको अर्थ देता है । एक स्वभाव देता है ।

आम तौर पर अहंकार माने अहंकार या अहं भाव, घमण्डी सोच जैसे माना जाता है ।

अहंभाव स्थिति में एक खुद सबसे श्रेष्ठ है या अपने समान कोई नहीं है रूपी अहंकार में हैं ऐसे रख लें । क्या यह अहंकार है ?

अहंकार के जैसे दीख पड़ने पर भी यह अहंकार नहीं है ।

अपने को गर्व सहित एक योग्यता के साथ देखने की एक स्थिति होने से यह भी ममकार ही है ।

अहंकार एक समस्या की स्थिति नहीं है । वह ''खुद'' रूप में अपने को भावना करने की एक साधारण स्थिति है ।

'' हम '' किसी को पकड़ने की स्थिति, साधारण स्थिति न होकर समस्यावाली एक स्थिति बन जाती है ।

'' हम '' किसी को पकड़ते समय, हम उसे नहीं पकडते हैं । वह ही हमें पकड़ता है ।

तमाशा के लिए एक कहानी कहेंगे :–

दो दोस्त नदी के किनारे खड़े थे । नदी में एक बोझ चलता था ।

(77)

वह कौन सा बोझ है ? उस में क्या होगा ? इसके बारे में जो दूर खड़े रहे थे उनको मालूम नहीं है । फिर भी उस बोझ पर इच्छा रखनेवाला एक मनुष्य नदी में कूदकर तैरते उस बोझ को छूने पर ही मालूम हुआ कि वह पानी में फँस आया एक भालू है । भालू भी नदी को पार करने के लिए उसे पकड़ लिया । वह लड़खडाता है ।

दूर पर जो दोस्त था वह चिल्लाकर कहता है, '' लाने के लिए बहुत कष्ट होने पर उस बोझ को छोड़ दो'' ।

उसके लिए वह जवाब देता है । ऐसे –

''बोझ को मैंने नहीं पकड़ा, बोझ ही मुझे पकड़ लिया है '' ।

ममकार में घटनेवाली भी यही है ।

हम घर या चीज़ को पकड़ लेना माने – वे हमें पकड़ना है । हमने जिसे पकड़ लिया उनके स्वभाव हमें मिलते हैं ।

हम 'घरवाले' बनते हैं । हम चीजोंवाले बनते हैं ।

सभी चीजें बिना अर्थ के 'मैं' नामक हमें चीज़ का स्बभाव देती है ।

उसी समय निर्जीव चीज़ों को हम और एक ढ़ंग से जीव देते हैं ।

(78)

घर – एक जड़ पदार्थ है । '' मेरा घर '' कहते समय घर को जीव आता है ।

ऐसे ही हमारी सभी मनोभावनाएँ हैं। वे सब आने जानेवाली हैं । किसी को हम मुख्यत्व देते समय उनकी गति और दौड़ में रूकावट होता है ।

हमें होनेवाली खुशी की भावना को – ' हमें चाहिए ' सोचकर पकड़ने से, हमारी चिन्ता की भावना को हमें नहीं चाहिए सोचकर पकड़ने से, ये भावनाएँ जीवन्त होती हैं । स्वभाव में दौड़कर गायब होनेवाली ये सब भावनाएँ दौड़कर गायब न होकर जीव पाकर रहने लगती हैं ।

उसी प्रकार '' मैं '' नामक साधारण स्थिति का अंश भी 'होनेवाला' नामक ममकार सहित बदलता है ।

हम '' होनेवाला '' होने तक हमारे प्रवाह रूपी दौड़ स्थगित होता है ।

सब प्रवाह होकर दौड़ते समय '' मैं '' भी प्रवाह बनकर दौड़ता है ।

हमारी भावना–प्रवाह को '' मैं '' रूपी सोच, रूकावट नहीं है । वह भी उस प्रवाह में मिलकर प्रवाह बनता है । उस प्रवाह में '' मैं '' के लिए स्थान है । एक दूसरे के वे विपरीत नहीं हैं ।

पर '' मैं '' ''होनेवाला'' बनने पर प्रवाह में रूकावट होती है ।

(79)

''रखनेवाला'' उस प्रवाह का रूकावट बनकर रहता है । प्रवाह भी उस रखनेवाले के कार्य का अड़चन बनता है ।

प्रवाह के बीच '' रखनेवाले'' को अपने को स्थिर रखने के लिए संग्राम करना चाहिए ।

'' रखनेवाला '' घुलकर सिर्फ '' मैं '' ही होने की स्थिति में – प्रवाह में किसी प्रकार का अड़चन नहीं होता है । इसका क्या अर्थ है ?

'' मैं '' यह भाव आता और प्रवाह में जाकर ओझल भी होता है ।

हमारे मन की भावनाएँ परिस्थिति के स्वभावानुसार आकर, प्रवाह में जाकर ओझल होती हैं ।

किसी भावना को हम पकड़कर उसे परिवर्तन करना चाहें या उसे लगातार स्थिर रखने के लिए प्रयत्न करने पर ––

'' रखनेवाला'' बनता है । जीवन अपनापन बनता है । प्रवाह में अड़चन बनता है ।

'' रखनेवाला '' कैसे बनता है – इसका एक पहलू हमने देखा है । उसकी दूसरी पहलू भी देखें ।

हमें चिन्ता होती है । वह मेरी चिन्ता है – ऐसे लेने की स्थिति में रखनेवाला आ जाता है । पर हम अपनी चिन्ता को प्रत्यक्ष अपनी चिन्ता के रूप में न लेते हैं । उसे भी गुप्त रूप में ही लेते हैं । यानी –

(80)

हमें चिन्ता होती है तो – '' चिन्ता रहित की स्थिति चाहिए '' ऐसे सोचते हैं ।

''बेफ़िक्र की स्थिति चाहिए '' की स्थिति में ''हमें और चिन्ता को सम्बन्ध है'' – ऐसे रहस्यपूर्ण विचार बना लेते हैं ।

सुख होता है तो 'बिना सुख की स्थिति' या सुख की स्थिति शाश्वत होने के विचार करते हैं ।

इसके द्वारा भी हम सुख को गुप्त रूप में हमारे साथ बाँधते हैं । आम तौर पर –

'' बिना चिन्ता की स्थिति '' और '' निरन्तर सुख की स्थिति '' ये हमारी प्रतीक्षा की स्थितियाँ है ।

यह हमारी प्रतीक्षा की स्थिति है कि भविष्य ऐसे ही होना है । ऐसे ऐसे भविष्य में होना है – यह प्रतीक्षा ही – '' रखनेवाला '' बनने का कारण बनता है । रखनेवाला माने भविष्य पर होनेवाली एक प्रतीक्षा ही है । वह भविष्यकाल यानी बिना चिन्ता की स्थिति ही है । वह भविष्यकाल यानी बिना चिन्ता की स्थिति के रूप में लम्बी सुख की स्थिति के जैसे कार्यान्वित होता है ।

(81)

आम तौर पर – भविष्यकाल की स्थिति पर लेनेवाला लगन ही ''रखनेवाला '' अगर हम ''रखनेवाले'' को चले जाना है – ऐसे सोचने पर भी, वह भी एक भविष्य स्थिति पर लेनेवाला लगन है ।

वह '' रखनेवाले '' को और भी मजबूत करा देता है । इसलिए बिना रखनेवाले की स्थिति चाहिए – ऐसे सोचने से समस्या को हल नहीं कर सकते हैं ।

हर एक चिन्ता से छूटना चाहते हैं ।

यही हमारा स्वभाव है । चिन्ता एक पीडा है, वह पीड़ा ही – हमें पीडा से निवृत्ति पाने की प्रेरणा देगी । ऐसे ही सुख का मीठा स्वभाव,

– वह और भी अधिक होना रूपी सोच को पैदा करता है ।

ये सब हम अपने आप योजना बनाकर नहीं करते हैं । हमारे अनजाने ही करते हैं । यही हमारा स्वभाव है ।

'' दुख दूर होना है '' व ''सुख निरन्तर रहना है'' – ऐसे अनजाने ही हम सोचने के कारण ही '' रखनेवाला '' भी हमारे अनजाने बनता है ।

(82)

'' रखनेवाला '' खुद बनता है । स्वाभाविक रूप में बनता है । खुद आकर खुद चला जाता है । हमें उसे परिवर्तन करने की आवश्यकता नहीं है । उसके उत्पन्न होना और उसके ओझल होने के बारे में हमें रूचि रखने की ज़रूरत नहीं है । वैसे न होकर हम रूचि दिखाएँ तो – वही – रखनेवाले को जीव व बल देता है ।

यह हमारा स्वभाव है कि किसी एक परिस्थिति में हमें चिन्ता होती है। वह स्वाभाविक है । हमारे अनजाने ही ऐसा दूसरा विचार भी आता है कि उसके न होना है ।

– वह संग्राम के जैसे होने पर भी वह भी हमारे अनजाने ही बनता है। स्वाभाविक रूप में बनता है । प्राकृतिक रूप में बनता है ।

ऐसे – घटनेवाली घटनाओं को प्राकृतिक और खुद होनेवाली रूप में स्वीकार कर लें तो

– भविष्य पर हमारी प्रतीक्षा और रूचि घट जाती हैं । अपने आप चलनेवाली इन घटनाओं में ये सब अपने आप प्रवहित होते हैं कि भविष्य में ऐसे न होना है या होना है – ऐसे हमें बिना प्रयत्न करके उनकी गति में छोड़ देना है ।

(83)

सब पवित्र गड्.गा के रूप में प्रवाह करके दौडते हैं । उनके मार्ग में वे प्रवाह करके दौड़ने से – वे अपने आप शुद्ध होकर, नये तेज, प्राप्त कर लेते हैं । पवित्र ही रहते हैं ।

अगर हम '' रखनेवाले '' को हटाना चाहते हैं तो वह अनावश्यक संग्राम को निमंत्रण करना ही है ।

सब खुद आकर अपने आप प्रवाह करने अनुमति देने पर ' रखनेवाले ' सहित सभी अपने आप दौड़कर, खुद पुनीत होते हैं ।

अपने आप हमें संग्राम करके पुनीत करना संभव नहीं है ।

हमारा भावनामन अपने आप को सुधारने के लिए किसी संग्राम में भाग न लेकर शांतिपूर्ण स्थिति में होने पर – हमारे चाह को जानकर हमारे अन्दरमन और आन्तरिक मन की सहायता के लिए आते हैं ।

हमें सुधारनेवाली दैविक क्रिया कियान्वित होने लगती है ।

हमारी भावनाओं को सुधारने के लिए हमारा आन्तरिक मन सदा तैयार रहता है ।

(84)

हम अपने आप कोशिश करके संग्राम न करके खामोश रहेंगे तो हमारी सभी भावनाएँ खुद सुधार होती हैं । उस क्रिया को आन्तरिक मन ही स्वीकार करता है । सुधार हो जाता है । हम 'रखनेवाले' को सुधारने के लिए न प्रयत्न करके खुद बनाए हुए रखने वाले को प्रवाह करने अनुमति देने

पर – बाकी के साथ 'रखनेवाला' भी प्रवाह होता है । 'रखनेवाला' परिवर्तित होकर, प्रवाह होनेवाले के रूप में प्रवाह होता है ।

जो प्रवाह होता है उसे 'रखनेवाला' नहीं बता सकते हैं । क्योंकि, वह दूसरे परिमाण में आ गया है ।

सबको प्रवाह करने हम अनुमति देते हैं । मनोभाव से किसी जिम्मेदारी को न लेने पर –

''न्यायपूर्ण बिना जिम्मेदारी '' का भाव ही मुक्ति है । यही ज्ञान–स्थिति है ।

पकड़ लेना – माने मुक्ति का विरोध भाव है । सबको प्रवाह करने अनुमति देना–माने पकड़ लेना नहीं है । संग्राम करके दूर करना भी नहीं है । वह प्राकृतिक क्रिया है । स्वयं क्रियान्वित होनेवाली क्रिया है । इस स्थिति में – मुक्ति पाए एक मनुष्य किसी को न पकड़ लेता है ।

(85)

अपूर्व आध्यात्मिक शक्ति और श्रेष्ठ अनुभवों पर उससे कैसे पसंद कर पकड़ ले सकते हैं ?

आध्यात्मिक अपूर्व शक्तियों पर किसी को इच्छा होने के पक्ष में, ध्यान से वे उसके लिए परिश्रम करते समय – निश्चय वे ऐसी शक्तियों को प्राप्त कर सकते हैं ।

उस पर जिसको रूचि है उसके लिए परिश्रम करें । पर वैसे अपूर्व शक्ति और मुक्ति के प्रत्यक्ष संबन्ध नहीं हैं । मुक्ति प्राप्त किए एक व्यक्ति को खुद ऐसी शक्तियाँ हो सकती हैं । पर –

वैसी शक्तियों को प्राप्त करने पर भी वे उसमें ध्यान नहीं देंगे । मन की शुद्धता और मुक्ति का क्या संबन्ध है ? हम इसे सोचकर दुखी होते हैं कि हमारा मन ठीक होकर शुद्ध बनने के बाद ही ज्ञानमुक्ति हमें प्राप्त होती है । इसलिए हमारे मन और भावना को शुद्ध करने के प्रयास में लगते हैं । ऐसे सोचते हैं कि हमारे बुरे स्वभावों को अपने मन तथा हृदय से हटाना है । उनको निकालने के बाद ही ज्ञान मुक्ति की प्राप्ति होगी – ऐसे

हम निर्णय करके विश्वास रखते हैं । कई लोग ऐसे हमें कहते आने के कारण – हम उसे सच के रूप में मान लिए हैं ।

(86)

पर वह सच नहीं हैं । वह विपरीत रहता है । मन की शुद्धता मुक्ति के बाद ही मिलती है । मुक्ति के पहले एक मनुष्य कितने ही प्रयास करने पर भी उसका स्वभाव शुद्ध होने की संभावना नहीं है ।

शुद्ध करने के लिए प्रयास करना शुद्धता न लाता है । उसी समय मुक्ति प्राप्त किए एक मनुष्य का मन अपने दिनचर्या के द्वारा ही – अपने सारे स्वभावों को पुनीत करता है ।

पुनीत प्राप्त करना मुक्ति के बाद ही आ सकता है । वैसे ही आता रहता है ।

एक छोटा सा उदाहरण लेंगे । हमने देखा है कि रेल एक पटरी से दूसरी पटरी पर बदलती है । एक पटरी पर दौड़ी आई रेल को दूसरी पटरी पर बदलने के लिए पहले इंजन ही दूसरी पटरी पर प्रवेश करता है । इंजन आगे नई पटरी पर चलते–चलते इंजन के साथ पेटियाँ भी एक–एक करके नई पटरी पर प्रवेश करती हैं । इंजन नई पटरी पर प्रवेश करना ही मुक्ति है । उसके बाद पेटियाँ एक–एक करके नई पटरी पर आना माने सभी स्वभाव नए बनकर नए परिमाण प्राप्त करना ही है ।

(87)

मुक्ति प्राप्त करने के बाद किसी का मन और भावना भी नये परिमाण में प्रवेश करके कालक्रम में ठीक तेज़स होता है । ये सब खुद चलते हैं । प्रयास नाम के वास्ते भी नहीं होता है ।

एक फूल कली से एक एक दल से विकसित होता है । सभी दलों के विकसित होने के बाद ही उसका सुगन्ध बाहरी लोगों को मालूम होता है ।

पर मुक्ति प्राप्त किए एक व्यक्ति के पक्ष में देखें तो मुक्ति प्राप्त किए क्षण में ही वे दूसरे परिमाण को आ जाते हैं । चाहे उसका नया परिमाण

दूसरों को समझ में आता है या नहीं आता है ।

उसके परिमाण – बदला बदला ही है ।

फूल विकसित होने आरम्भ होना, आरम्भ होना ही है । इंजन का दूसरी पटरी में प्रवेश करना – प्रवेश करना ही है ।

ऐसे दूसरे परिमाण को परिवर्तन होने का विवरण उसके पक्ष में बदलते ही तुरन्त मालूम होता है । क्योंकि उनके पक्ष में उनकी सभी शंकाएँ दूर होती हैं । उनकी सभी माँग एक निर्णय पर आती हैं ।

यह मुक्ति एक अनुभव नहीं है । सचमुच यह सभी अनुभवों से पानेवाली मुक्ति ही है ।

(88)

सभी अनुभव तात्कालिक हैं । वे स्थिर नहीं हैं ।

पर मुक्ति शाश्वत है ।

क्या मुक्ति और सहज–समाधि दोनों एक ही है –

ऐसे कैसे ले सकते हैं ?

ध्यान – समाधि के समय एक अपने आप को भूल जाने की स्थिति पर जाते हैं ।

पर सहज – समाधि ऐसी नहीं हैं । हम सभी कार्यो में लग जाने पर समाधि की स्थिति में ही होते रहना सहज समाधि है । सिर्फ मन ही शांतिपूर्ण स्थिति में आनन्द में रहता है । वह शांतिपूर्ण स्थिति में होते ही हम अपने दिनचर्या को देख सकते हैं ।

आध्यात्मिक अनुष्ठानों में ज्यादा लगन रखनेवालों में कई इस सहज स्थिति में ही मन को स्थिर रखकर अपना दिनचर्या किया करते हैं ।

क्या यह सहज समाधि ही मुक्ति है ?

नहीं । सहज समाधि में भी हम अपने मन को काबू में रख लिए हैं । हमारे प्रयासों तथा आदतों के अनुसार उस सहज स्थिति को बिना क्षितिलता के रखना हमें आसान होगा । पर वह भी हमारे प्रयासों से संबन्धित मन का अंश ही है ।

मुक्ति माने हमारे मन को वैसे ही स्वतन्त्र रूप में स्वीकार करना है । हमारे मन की सारी क्रियाओं को वैसे ही स्वीकार करना है ।

(89)

ऐसे मान लीजिए कि हम अपने बच्चे के साथ रेल यात्रा करते हैं । घंटों गाड़ी में बैठे रहने पर भी न मालूम है कि गाड़ी कब रवाना होगी । बच्चा अक्सर ऐसे कहकर सताता है कि गाड़ी कब रवाना होगी ? हम उसे तसल्ली देने के वज़ह से कहते हैं कि '' गाड़ी को घसीट दो गाडी चलने लगेगी '' ।

हमारी बातों को सच्ची मानकर बच्चा हमारे पास ही खड़े होकर गाडी की सीट को पकड़कर धकेलता है ।

उस समय गाड़ी भी रवाना होती है । बच्चा सोचता है कि अपने धकेलने के कारण ही गाड़ी चलती है ।

हम भी बच्चे को प्रोत्साहित कराने केलिए पेरित करते हैं कि 'न छोड दो' ।

थोडी देर में पासवाला स्टेशन आता है । हम बच्चे से कहते हैं, 'न धकेल दो, यह कौन सा स्टेशन है देख लें ' । बच्चा भी गाड़ी को धकेलना छोडता है । गाड़ी भी रूकती है । फिर से बच्चे से गाडी को धकेलने कहते हैं । बच्चे के गाड़ी धकेलने पर गाड़ी फिर से रवाना होकर चलती है ।

पर थोड़ी देर में गाड़ी अपने आप चलती है । अपने से धकेलने के कारण नहीं है – ऐसे बच्चा जानता है । ऐसे समझते ही बेकार धकेलने के प्रयास में बच्चा नहीं लगता है । ऐसे –

हमारा मन अपने स्वभावानुसार अपनी गति में चलती है – इसे समझने की स्थिति में ही –

हम उससे छुटकारा पाते हैं । मुक्ति पाते हैं ।

(90)

मन एक जड़स्वभाववाला यन्त्रगति रूपी एक क्रिया है –इसे जान लेने की स्थिति में हम उससे छुटकारा पाते हैं ।

जब हम उस मन की क्रिया में संबन्धित या विपक्षी होकर संपर्क रखते हैं और उसे पकड़ने लगते हैं तो जड़–क्रिया रूपी मन की गति जीवन्त गति बनकर संग्राम में फँसता है ।

अगर हम उसे खुद चलनेवाली एक यंत्रगति रूपी क्रिया मानकर उसे अपनी गति से कार्यान्वित करा दें तो वह एक उपयोगी यन्त्र रूप में अपनी गति में चलने लगेगी ।

हमारे मन को खुद चलनेवाली एक यन्त्र गति की क्रिया के रूप में देखने पर ही मनोगति को हम एक साथ स्वीकार करते हैं ।

' मैं ' सहित सारी गतियाँ एक साथ मनोगति के रूप में देखकर वे अपने आप क्रियान्वित होकर प्रवाह करने अनुमति देने की स्थिति में हम अपनी मुक्ति में स्थिर होते हैं ।

मुक्ति माने हमारी किसी में न स्थगित होने की अवस्था है ।

हम अपने इच्छा या द्वेष प्रकट करने से एक जगह पर ठहरते हैं ।

(91)

हम अपनी ठहरने की जगह को खाली करके शुद्ध प्रवाह की गति में प्रवहित होना ही मुक्ति है ।

इस मुक्ति को –

क्या क्षण में प्राप्त कर सकते हैं ?

ऐसे प्राप्त करनेवाली मुक्ति, मुक्ति न हो सकती है ।

मुक्ति माने किसी को न प्राप्त करना है ।

जड़ चीज़ों को ही प्राप्त कर सकते हैं ।

मुक्ति एक जीवन्त गति है । वह प्राप्त होनेवाली नहीं है । मुक्ति को ही नहीं, किसी को प्राप्त किए बिना क्रियान्वित होना ही

– मुक्ति की गति है ।

.....

पीछे का विवरण :–

इसके सभी अध्यायों को पुनः पुनः पढने से ही वे सच में क्या बताते हैं? इसे समझ सकते हैं । मुक्ति प्राप्त किए एक व्यक्ति से भी इससे संबन्धित शंकाओं को प्रत्यक्ष पूछकर स्पष्ट समझ लेने से भी '

आप इस ज्ञान मुक्ति को आसानी से पा सकते हैं ।

(92)

पुस्तक की प्रतियों के लिए

तिण्डुक्कल	:	वाळग वळमुडन पुस्तक केन्द्र – 0451–2423311
चेन्नै	:	श्री विद्या बुक सेन्टर, मयिलाप्पुर
		044–24611345, 24511141
तिरूच्ची	:	Zen Sangh अन्दर पुस्तकालय – 0431–2701239
		इन्टर नेशनल बुक्स – 0431–2703743,2711599
कोवै	:	विजया पतिप्पगम – 0422–2394614, 2382614
मदुरै	:	डा.आर. शरवणकुमार – 9443471456
		सर्वोदय इलक्किय पण्णै – 0452–2341746
सेलम	:	श्री.एन.कैलासम – 9443290559
नेल्लै	:	अरूळ नन्दी शिवं – 0462–2339692
तिरूवण्णामलै	:	श्री शेशाद्री स्वामिगळ आश्रमम

लेखक के तात्कालिक ग्रंथ

1.	Don't Delay Enlightenment	रू. 100/–
2.	ज्ञान विडुतलै	रू. 50/–
3.	कवलैकलुक्केल्लाम तीर्ऊ	रू. 70/–

पहले ग्रंथ

1.	आत्म ज्ञान रहस्य Xerox	रू. 30/–
2.	अनुष्ठान आन्मीकम् Xerox	रू.120/–

यह एक पुस्तक नहीं है ।

यह एक आमन्त्रण ही है ।

ज्ञान मुक्ति पाने अपने अन्तिम कदम न रख सकनेवाले आध्यात्मिक साधकों के लिए एक आह्वान् है ।

उसके साथ .....

ज्ञान मुक्ति के लिए प्रयास करनेवाले आध्यात्मिक साधक कैसे गलत मार्ग पर छोडे गए हैं – ऐसे ध्यान आकर्षण करनेवाला एक विवरण के रूप में भी यह बन गया है.....!